# Solutions: Current Affairs Quiz 385



### Q1.

औषधीय पादप हेतु राष्ट्रीय अभियान के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-

1. इसकी शुरूआत आयुष मंत्रालय के तहत 'राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड' द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव के भाग के रूप में की गई है।
2. इस अभियान के तहत अगले एक वर्ष में 75,000 हेक्टेयर भूमि पर औषधीय पौधों की कृषि की जाएगी।
3. इसकी शुरूआत हिमालयी राज्यों में की गई है।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?

1. केवल 1 और 3
2. केवल 2 और 3
3. केवल 1 और 2
4. उपर्युक्त सभी।

The correct answer is: 3

Solution:

**उत्तर: (c)**
**व्याख्या :**

- आयुष मंत्रालय के तहत 'राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड' ने आजादी का अमृत महोत्सव के भाग के रूप में औषधीय पौधों की कृषि को बढ़ावा देने के लिये एक राष्ट्रीय अभियान की शुरूआत की है।
- इस अभियान के तहत देश भर में अगले एक वर्ष में 75,000 हेक्टेयर भूमि पर औषधीय पौधों की कृषि की जाएगी। इस कार्यक्रम की शुरुआत उत्तरप्रदेश के सहारनपुर तथा महाराष्ट्र के पुणे से की गई है।
- आयुष मंत्रालय द्वारा 'आजादी का अमृत महोत्सव' के तहत आयोजित किये जा रहे कार्यक्रमों की शृंखला में यह दूसरा कार्यक्रम है। पिछले 1.5 वर्षों में न केवल भारत, बल्कि पूरे विश्व में औषधीय पौधों के बाज़ार में बड़े पैमाने पर वृद्धि हुई है। यही कारण है कि अश्वगंधा अमेरिका में तीसरा सबसे ज्यादा बिकने वाला उत्पाद रहा है।

**इस प्रकार, कथन 1 और 2 सही हैं जबकि कथन 3 गलत है। अतः विकल्प (c) सही उत्तर है।**

## Q2.

---

ग्लू ग्रांट नीति के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-

1. इसके तहत किसी शहर के शैक्षिक संस्थान संसाधनों तथा उपकरणों का आपस में उपयोग कर सकते हैं।
2. इस नीति के तहत किसी शैक्षिक संस्थान के छात्रों को उसी शहर में स्थित दूसरे संस्थान में कक्षाएँ लेने की अनुमति दी जाएगी।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

1. केवल 1
2. केवल 2
3. 1 और 2 दोनों
4. न तो 1 और न ही 2

The correct answer is: 3

Solution:

**उत्तर: (c)**
**व्याख्या :**

- भारत में चालीस केंद्रीय विश्वविद्यालय बहु-विषयकता को प्रोत्साहित करने के लिये अकादमिक क्रेडिट बैंक तथा ग्लू ग्रांट जैसे नवीन उपायों के कार्यान्वयन का कार्य शुरू करेंगे।

- इस वर्ष के बजट में घोषित ग्लू ग्रांट नीति के तहत एक शहर के शैक्षिक संस्थानों को आपस में संसाधनों, उपकरणों को साझा करने तथा छात्रों को योजना के तहत शामिल शहर के किसी भी संस्थान में कक्षाएँ लेने की अनुमति देने के लिये प्रोत्साहित किया जाएगा। यह बहुविषयकता के लिये पहला कदम है।
- इसे चालू शैक्षणिक वर्ष के दूसरे सेमेस्टर से प्रारंभ किया जाएगा। इसके माध्यम से संकाय संयुक्त पाठ्यक्रम डिज़ाइन करने में सक्षम होंगे। उदाहरण के तौर पर दिल्ली विश्वविद्यालय (DU) के छात्र भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली में तथा इसके विपरीत कुछ कक्षाएँ लेने में सक्षम होंगे।

**इस प्रकार, कथन 1 और 2 दोनों सही हैं। अतःविकल्प (c) सही उत्तर है।**

## Q3.

---

'ईट राइट स्टेशन' प्रमाणन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-

1. यह प्रमाणन 'भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण' द्वारा प्रदान किया जाता है।
2. वर्तमान में भारत के पाँच रेलवे स्टेशन को यह प्रमाणन प्राप्त है।
3. यह प्रमाण पत्र यात्रियों को उच्च गुणवत्तायुक्त पौष्टिक भोजन प्रदान करने वाले रेलवे स्टेशन को 1 से 5 रेटिंग के आधार पर प्रदान किया जाता है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

1. केवल 1 और 3

2. केवल 3

3. केवल 2 और 3

4. उपर्युक्त सभी।

The correct answer is: 4

Solution:

**उत्तर: (d)**
**व्याख्या :**

- यात्रियों को उच्च गुणवत्तायुक्त पौष्टिक भोजन प्रदान करने के लिये भारत के चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन को 5-स्टार 'ईट राइट स्टेशन' प्रमाणन प्रदान किया गया है। चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन यह मान्यता पाने वाला देश का पाँचवा स्टेशन बन गया है।

- यह प्रमाणीकरण प्राप्त करने वाले अन्य रेलवे स्टेशनों में आनंद विहार टर्मिनल रेलवे स्टेशन; (दिल्ली), छत्रपति शिवाजी टर्मिनस; (मुंबई), मुंबई सेंट्रल रेलवे स्टेशन; (मुंबई) तथा वडोदरा रेलवे स्टेशन शामिल हैं।
- मानक खाद्य भंडारण एवं स्वच्छता प्रथाओं का पालन करने वाले रेलवे स्टेशन, जो यात्रियों को सुरक्षित तथा स्वस्थ भोजन प्रदान करने में मानक स्थापित करते हैं, को भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (FSSAI) द्वारा 'ईट राइट स्टेशन' प्रमाणीकरण प्रदान किया जाता है।
- भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण पैनल में शामिल तृतीय-पक्ष ऑडिट एजेंसी के निष्कर्ष पर 1 से 5 तक की रेटिंग वाले स्टेशन को इस प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जाता है। 5-स्टार रेटिंग स्टेशनों द्वारा यात्रियों को सुरक्षित एवं स्वच्छ भोजन उपलब्ध कराने के अनुकरणीय प्रयासों को इंगित करती है।
- यह प्रमाणीकरण एफ.एस.एस.ए.आई. द्वारा चलाये जा रहे 'ईट राइट इंडिया' आंदोलन के भाग के रूप में प्रदान किया जाता है। इसका उद्देश्य सभी भारतीयों के लिये सुरक्षित, स्वस्थ व टिकाऊ भोजन सुनिश्चित करने के लिये देश की खाद्य प्रणाली में परिवर्तन करना है।

**इस प्रकार, उपर्युक्त सभी कथन सही हैं। अतः विकल्प (d) सही उत्तर है।**

## Q4.

बैरा सिउल पावर स्टेशन अवस्थित है-

1. उत्तराखंड
2. हिमाचल प्रदेश
3. मध्यप्रदेश
4. हरियाणा

The correct answer is: 2

Solution:

**उत्तर: (b)**
**व्याख्या :**

- राष्ट्रीय जलविद्युत निगम (NHPC) लिमिटेड ने अपने 180 मेगावाट क्षमता वाले बैरा सिउल पावर स्टेशन का स्वदेशी रूप से नवीनीकरण तथा आधुनिकीकरण कर इसका पुनः वाणिज्यिक संचालन शुरू किया है।
- यह परियोजना हिमाचल प्रदेश के चंबा में है। यह एन.एच.पी.सी. का पहला पावर स्टेशन है, जो 1 अप्रैल 1982 से वाणिज्यिक संचालन का कार्य कर रहा है।

**इस प्रकार, विकल्प (b) सही उत्तर है।**

## Q5.

यूब्रीथ लाइफ' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-

1. इसे भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रोपड़ की स्टार्टअप कंपनी 'अर्बन एयर लेबोरेटरी' द्वारा विकसित किया गया है।
2. यह विश्व का पहला अत्याधुनिक 'स्मार्ट बायो-फिल्टर' है, जो किसी भवन के आंतरिक स्थान में वायु शोधन प्रक्रिया को तीव्र करने में सक्षम है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

1. केवल 1
2. केवल 2
3. 1 और 2 दोनों
4. न तो 1 न ही 2।

The correct answer is: 3

Solution:

**उत्तर: (c)**
**व्याख्या :**

- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रोपड़ के वैज्ञानिकों ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर तथा दिल्ली विश्वविद्यालय के सहयोग से पादप-आधारित वायु शोधक 'यूब्रीथ लाइफ' विकसित किया है। यह किसी भवन के आंतरिक स्थान में वायु शोधन प्रक्रिया को तीव्र करेगा।
- इसे भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रोपड़ की स्टार्टअप कंपनी 'अर्बन एयर लेबोरेटरी' द्वारा विकसित किया गया है। यह विश्व का पहला अत्याधुनिक 'स्मार्ट बायो-फिल्टर' है, जो आस-पास के वातावरण को शुद्ध करने में सक्षम है।
- यह प्रौद्योगिकी प्राकृतिक पत्तेदार पौधे के माध्यम से कार्य करती है। इसके अंतर्गत कमरे की हवा पत्तियों के संपर्क में आकर पादप की जड़ तक पहुँचती है, जहाँ अधिकतम प्रदूषक नष्ट हो जाते हैं।

**इस प्रकार, कथन 1 और 2 दोनों सही हैं। अतः विकल्प (c) सही उत्तर है।**